# जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, हनुमानगढ़

क्रमांक : डीओआईटी/ई-मित्र /2026/1438 दिनांक : 11/03/2026

**स्थानीय सेवा प्रदाता समस्त,**
**ई–मित्र कियोस्क समस्त,**
**जिला–हनुमानगढ़।**

विषयः–ई–मित्र कियोस्क का पता परिवर्तन की ऑनलाइन प्रक्रिया एवं दिशा–निर्देशों के संबध में।
संदर्भः–RajCOMP Info Services Ltd के पत्रांक F4.9 (1212)/RISL/Tech/Misc./2025/-13035-8683102 दिनांक 05.03.2026

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ में लेख है कि विभाग द्वारा ई–मित्र कियोस्क का पता परिवर्तन करने की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है, जिसमें ई–मित्र कियोस्क द्वारा स्वयं ई–मित्र मोबाईल एप्लीकेशन द्वारा अपना पता परिवर्तन करने का आवेदन किया जा सकता है।

उपरोक्त प्रक्रिया के दौरान पता परिवर्तन के लिए आवश्यक दस्तावेजः–

1. स्वयं का परिसर होने की दशा में कियोस्क के नाम का बिजली बिल या रजिस्ट्री।
2. किराये का परिसर होने की दशा में मकान/दुकान मालिक द्वारा Annexure-15 में NOC।

संलग्न–1. Annexure-15.
2. विभागीय दिशा–निर्देश।

**एसीपी (उपनिदेशक)**
**सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग**
**हनुमानगढ़**

क्रमांक – सम/1439–40 दिनांक–11/03/2026

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैं –

1. ब्लॉक प्रोग्रामर समस्त, सूचना प्रौद्योगिकी एंव संचार विभाग, जिला हनुमानगढ़।
2. रक्षित पत्रावली।

**एसीपी (उपनिदेशक)**
**सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग**
**हनुमानगढ़**

Signature valid
Digitally signed by Ashish Siyag
Designation: Analyst Cum Programmer (Dy. Director)
Date: 2026.03.11 15:06:18 IST
Reason: Approved

**जिन्दगी को हां, नशे को ना कहें।**

RajKaj Ref No.: 20987895
eSign 1.0

Office Address:- Bharat Nirman Rajiv Gandhi Sewa Kendra, Collectorate Campus, Hanumangarh Jn.
Email Id:- dlo.doit.hanumang@rajasthan.gov.in Contact No. 01552-260909

# ANNEXURE-15: No objection confirmation from Landlord on e-Mitra kiosk operating at his premises

**AFFIDAVIT (On ₹ 50/- non-judicial stamp paper of Rajasthan State)**

Dated:

| Land Lord | Applicant applying for e-Mitra kiosk |
|---|---|

(Landlord / Property Holder and the applicant applying for e-Mitra kiosk should attest his/her photograph with his/her signature in such a way that half the signature appears on the photograph and half on the affidavit)

**DECLARATION**

I, Shri/Smt./Miss ……………………….……………s/o …………………………………., mobile no. ………………………….., is an Indian national residing on this address: ………………………………………………………………………………. from ………………………… till date and is the lawful owner of, and otherwise well sufficiently entitled to Lease the below Property falling in the category, [Independent House / Apartment / Farm House / Residential Property] and comprising of [X Rooms].

Address Line 1: ……………………………………………………….
Address Line 2: ……………………………………………………….
City: ………………………… District: …………………… Pin Code: ……………………….

Shri/Smt./Miss…………….……………s/o…………….…………….., mobile no……………………….., is an Indian national, is residing on this address:…… …………………………………………………… from ………………………… till date. He/she intends to apply for e-Mitra kiosks through Local Service Provider (LSP) M/s …………………………………… at my address / property and I have no objection of him/her operating e-Mitra kiosk at my premises.

I understand that e-Mitra kiosks have to abide by all the terms & conditions mentioned in the **Request for Proposal (RFP) NIB no. F4.9(1193)/RISL/Tech/Misc/2025/25189001 dated 08-07-2025 issued by RajCOMP Info Services Limited (RISL) for "Selection of Service Providers to set up and manage e-Mitra kiosks under e-Mitra project in the state of Rajasthan".**

Also, the e-Mitra kiosk id will be issued to applicant after thorough evaluation of his/her application as per the terms & conditions mentioned in above RFP. *RISL has the sole right to accept/reject kiosk application or deactivate the kiosk id without providing any reasons. RISL reserves the right to recover any financial dues/liabilities and can also take any legal action against defaulter kiosks.*

Signature of Landlord / Property Holder
Email: …………………………………………………

Signature of Applicant applying for e-Mitra kiosk
Email: …………………………………………………


## Kiosk Address Update (कियोस्क पता परिवर्तन)

विभाग द्वारा कियोस्क धारकों को अपने कियोस्क के पते में परिवर्तन हेतु स्वयं ऑनलाइन आवेदन की सुविधा प्रदान की गई है। यह प्रक्रिया मोबाइल एप्प के माध्यम से पूर्ण की जाएगी। कियोस्क धारक, अपने कियोस्क का पता बदलने के लिए स्वयं आवेदन कर सकते है|

## पूर्व आवश्यकताएँ

1. **पता प्रमाण दस्तावेज (कोई एक):**
    a. स्वयं का परिसर होने की दशा में बिजली का बिल या रजिस्ट्री, एवं
    b. किराये का परिसर होने की दशा में मकान/दुकान मालिक द्वारा Annexure-15 में NOC
2. दस्तावेज की **PDF फाइल (1MB से कम)** मोबाइल में सेव हो।
3. आप **नए पते पर उपस्थित** होकर ही आवेदन करें (Geo-Tag अनिवार्य)।
4. SSO-ID प्रोफाइल में जन आधार नंबर एवं मेम्बर आईडी दर्ज होना अनिवार्य है।

इसके लिए सबसे पहले आपको ई-मित्र (eMitra) मोबाइल एप्प Play Store से डाउनलोड करनी है| eMitra एप्प डाउनलोड होने के बाद इसे ओपन करें|





ई-मित्र (eMitra) मोबाइल एप्प ओपन होने के बाद सबसे पहले आपको लॉग इन पेज दिखाई देगा|


कियोस्क धारक को एप्प में लॉग इन करने के लिए नीचे स्थित Login with SSO-ID वाले बटन पर क्लिक करना है|

**SSO आधारित लॉगिन में आपको सबसे पहले अपनी ई-मित्र कियोस्क से पंजीकृत SSO-ID दर्ज करनी होगी। इसके बाद SSO-ID का पासवर्ड दर्ज करें।**

दर्ज किए गए विवरण की जाँच कर लें कि सभी जानकारी सही है। इसके पश्चात **Login** बटन पर क्लिक करें।

**ध्यान दें:** कियोस्क लॉगिन के लिए यह आवश्यक है कि आपकी SSO-ID प्रोफाइल में जन आधार नंबर एवं सदस्य आईडी दर्ज हो।








आगे बढ़ने पर आपके जन आधार में दर्ज मोबाइल नंबर पर एक OTP प्राप्त होगा।

प्राप्त **6 अंकों के OTP** को दर्ज करें एवं **Confirm OTP** पर क्लिक करें।

OTP सत्यापन के पश्चात आपको ई-मित्र मोबाइल एप्प का कियोस्क डैशबोर्ड प्रदर्शित होगा।

यहाँ सबसे ऊपर बाईं ओर मेनू आइकॉन दिखाई देगा। उस पर क्लिक करें।






मेनू में आपको **Kiosk Address Update** विकल्प दिखाई देगा।

उस पर क्लिक करें।

इसके पश्चात **Kiosk Address Update** पेज प्रदर्शित होगा। यहाँ सर्वप्रथम आपके कियोस्क का वर्तमान पता दिखाई देगा।

पता परिवर्तन हेतु प्रदर्शित सभी विवरणों को सही एवं पूर्ण रूप से दर्ज करना आवश्यक है, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

अतः सभी जानकारियाँ ध्यानपूर्वक एवं सही-सही दर्ज करें।

**Address in English** में पता केवल अंग्रेजी भाषा में ही दर्ज करें।

इसी प्रकार **Address in Hindi** में पता केवल हिंदी (यूनिकोड) में ही दर्ज करें।

हिंदी में पता दर्ज करने के लिए आप किसी भी हिंदी कीबोर्ड का उपयोग कर सकते हैं।






आप कियोस्क के जिले में परिवर्तन नहीं कर सकते हैं।

अन्य सभी विवरण निर्धारित अनुसार दर्ज करें, जैसे—लोकसभा क्षेत्र, विधानसभा क्षेत्र, तहसील आदि।

यदि आपके पते का प्रकार **शहरी (Urban)** है, तो नगर निकाय एवं वार्ड का चयन करना अनिवार्य है।

यदि आपके कियोस्क के पते का प्रकार **ग्रामीण (Rural)** है, तो पंचायत समिति, ग्राम पंचायत एवं ग्राम का चयन करना आवश्यक है।


**Address Proof Type** में उस दस्तावेज़ के प्रकार का चयन करें, जिसके आधार पर आप कियोस्क का पता परिवर्तन करना चाहते हैं।


इसके पश्चात संबंधित दस्तावेज़ अपलोड करने हेतु **Upload PDF** पर क्लिक करें।

**Address Proof Type** में चयनित प्रकार के अनुसार दस्तावेज़ की PDF फाइल का चयन करें।

**ध्यान दें:**

केवल PDF फाइल (जिसका आकार 1MB से कम हो) ही संलग्न करें।








दर्ज किए गए विवरण की ध्यानपूर्वक जाँच कर लें तथा पता प्रमाण संलग्न करने के पश्चात **Proceed to Geo-Tag** पर क्लिक करें।

आगे बढ़ने पर आपको एप्प के लिए लोकेशन अनुमति प्रदान करनी होगी।

इसके लिए प्रदर्शित पॉप-अप में **“While using the app”** विकल्प पर क्लिक करें।






आपको कियोस्क का स्व-सर्वेक्षण करना होगा।

इस पेज के शीर्ष पर कियोस्क का विवरण प्रदर्शित होगा, जैसे—

ओनर का नाम, SSO-ID, मोबाइल नंबर तथा परिवर्तित पता

आदि।


इसके पश्चात आपको सर्वे चेकलिस्ट प्रदर्शित होगी, जिसमें निम्न विकल्प उपलब्ध होंगे—


- **Rate List Displayed?**
- **Co-branded Banner Displayed?**

परिवर्तित पते पर रेट लिस्ट प्रदर्शित होना आवश्यक है| इसी प्रकार, परिवर्तित पते पर को-ब्रांडेड बैनर प्रदर्शित होना आवश्यक है,

संबंधित चेक बॉक्स को चयनित (Enable) करें

रेट लिस्ट और को-ब्रांडेड बैनर नही होने की दशा में कियोस्क पता परिवर्तन का आवेदन निरस्त किया जा सकता है






सर्वे चेकलिस्ट के पश्चात परिवर्तित पते पर संचालित कियोस्क की **Outer Image** एवं **Inner Image** अपलोड करने का सेक्शन प्रदर्शित होगा।

**Inner Image** अपलोड बटन पर क्लिक करने पर कैमरे की अनुमति का पॉप-अप प्रदर्शित होगा, जिसे आपको अनुमति (Allow) प्रदान करनी होगी। इसके पश्चात आपके मोबाइल का कैमरा सक्रिय हो जाएगा, जिससे आपको फोटो कैप्चर करनी होगी।


इसी प्रकार **Outer Image** भी अपलोड करें।


**ध्यान दें:**

- Inner Image में रेट लिस्ट और कंप्यूटर सिस्टम स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।
- Outer Image में को-ब्रांडेड बैनर और दुकान का फ्रंट व्यू स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए।

इसके पश्चात अंत में आपकी वर्तमान लोकेशन के **Latitude** एवं **Longitude** प्रदर्शित होंगे।


यदि Latitude एवं Longitude में किसी प्रकार की समस्या या संदेह हो, तो **Refresh Location** बटन पर क्लिक कर लोकेशन को पुनः रिफ्रेश कर सकते हैं।






कियोस्क स्व-सर्वेक्षण में सभी जानकारियाँ दर्ज करने के पश्चात

**Submit Survey** बटन पर क्लिक करें।




इसके बाद आपकी रिक्वेस्ट को अप्रूवल के लिए जिला स्तरीय कार्यालय में अग्रेषित कर दी जाएगी|